भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया।

23/4/21 हिन्दी व्याकरण पाठ-1 Book work + Q./A.

## प्रश्न और अभ्यास

1. निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने सही ( ✓ ) तथा गलत के सामने गलत ( × ) का निशान लगाइए–
   (क) भाषा शब्द की उत्पत्ति 'भाष्' धातु से हुई है। ✓
   (ख) मौखिक भाषा को श्रोता केवल बोलता है। ×
   (ग) बोली का क्षेत्र सीमित तथा भाषा का क्षेत्र व्यापक होता है। ✓
   (घ) वाक्य का निर्माण शब्दों से होता है। ✓
   (ङ) हिंदी भारत की राजभाषा और राष्ट्रभाषा है। ✓

2. उचित शब्दों द्वारा निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
   (क) भारतीय संविधान में बाइस भाषाओं को मान्यता दी गई है।
   (ख) हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा घोषित किया गया।
   (ग) वर्णों के सार्थक मेल से शब्द बनते हैं।
   (घ) भाषा के स्थानीय रूप को बोली कहा जाता है।
   (ङ) देवनागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए–
   (क) भाषा के कितने रूप होते हैं?
   (अ) दो (ब) तीन
   (स) चार (द) पाँच
   सही उत्तर ( दो )
   (ख) अंग्रेजी भाषा की लिपि का नाम क्या है?
   (अ) देवनागरी लिपि (ब) ब्राह्मी लिपि
   (स) रोमन लिपि (द) गुरुमुखी लिपि
   सही उत्तर ( रोमन लिपि )



Scanned by TapScanner

(ग) निम्नलिखित में से कौनसी बोली नहीं है?

(अ) हरियाणवी (ब) संस्कृत

(स) राजस्थानी (द) भोजपुरी

सही उत्तर (संस्कृत)

(घ) विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का कौनसा स्थान है?

(अ) पाँचवाँ (ब) आठवाँ

(स) दूसरा (द) तीसरा

सही उत्तर (तीसरा)

(ङ) दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाने वाली लिपि निम्न में से कौनसी है?

(अ) देवनागरी (ब) फ़ारसी

(स) रोमन (द) गुरुमुखी

सही उत्तर (फ़ारसी)

4. **निम्नलिखित भाषाओं के सामने उनकी लिपियों के नाम लिखिए–**

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| (क) हिंदी | देवनागरी |
| (ख) अंग्रेजी | रोमन |
| (ग) संस्कृत | देवनागरी |
| (घ) अरबी | फ़ारसी |
| (ङ) उर्दू | फ़ारसी |

5. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) भाषा किसे कहते हैं? इसके भेदों के नाम लिखिए।

उ०:- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने भावों या विचारों का आदान-प्रदान करता है। इसके दो भेद हैं -(1) मौखिक भाषा (2) लिखित भाषा

(ख) भाषा और बोली में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

उ०:- भाषा का क्षेत्र व्यापक होता है जबकि बोली का क्षेत्र सीमित होता है। हिंदी भाषा का क्षेत्र व्यापक है जबकि हरियाणवी सिर्फ हरियाणा में ही बोली जाती है।

(ग) व्याकरण किसे कहते हैं? इसके विभागों के नाम लिखिए।

उ०:- व्याकरण वह शास्त्र है जिसके द्वारा हम भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इसके चार विभाग हैं -(1) वर्ण-विचार (2) शब्द-विचार (3) पद-विचार (4) वाक्य-विचार।

(घ) लिपि से क्या अभिप्राय है? हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए।

उ०:- लिखित भाषा में अक्षरों या वर्णों को लिखने के ढंग को लिपि कहते हैं। हिंदी की देवनागरी और अंग्रेजी की रोमन लिपि है।

(ङ) भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाओं की संख्या कितनी है? उनके नाम लिखिए।

उ०:- भारतीय संविधान द्वारा 22 भारतीय भाषाओं को मान्यता दी गई है। संस्कृत, हिन्दी, असमिया, उर्दू, उड़िया, पंजाबी, गुजराती, मराठी, तेलुगू, सिंधी, कन्नड़ आदि

(च) किन्हीं पाँच हिंदी भाषी राज्यों के नाम लिखिए।

उ०:- (1) राजस्थान (2) उत्तर प्रदेश (3) बिहार (4) हरियाणा (5) मध्य प्रदेश



Scanned by TapScanner